भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1352
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एनईईटी हेतु नि:शुल्क कोचिंग

1352. श्री संजय जाधव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण और सीमांत क्षेत्र के छात्रों के लिए कोई निःशुल्क कोचिंग सुविधा शुरू की है ताकि वे राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) उत्तीर्ण कर सकें;
(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र के जिला-वार ब्यौरे सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के अभ्यर्थियों सहित एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाली पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं की एनईईटी में भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड) महाराष्ट्र मं एनईईटी में बैठने वाली महिला अभ्यर्थियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या किसी राज्य सरकार ने एनईईटी को समाप्त करने का प्रस्ताव किया है/एनईईटी आयोजित करने से मना कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन मुद्दों के समाधान के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (च): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 की धारा 14 में देश की सभी चिकित्सा संस्थाओं में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक सामान्य / समान प्रवेश परीक्षा के रूप में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) आयोजित करना अनिवार्य है। नीट एक ऐतिहासिक सुधार है जो मेधातंत्र को बढ़ावा देता है और मेधावी छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थाओं में प्रवेश पाने का अवसर प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप मेडिकल प्रवेश में कदाचार पर अंकुश लगा है, अधिक पारदर्शिता आई है और संभावित छात्रों पर कई प्रवेश परीक्षाएं देने का बोझ कम हुआ है।

नीट का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) करती है। नीट (यूजी) परीक्षा के लिए छात्रों को अच्छी तरह से अभ्यास करने में मदद करने के लिए, एनटीए ने एक मोबाइल ऐप 'नेशनल टेस्ट अभ्यास' प्रारंभ किया है, ताकि अभ्यर्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले मॉक टेस्ट ऑनलाइन मुफ्त में मिल सकें। नीट (यूजी) का पाठ्यक्रम सभी राज्य बोर्डों और राष्ट्रीय बोर्डों के पाठ्यक्रम पर आधारित है। प्रश्न पत्र राज्य स्तरीय विशेषज्ञों की मदद से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा, राज्य बोर्डों और ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्रश्नों को ठीक से समझने में सक्षम बनाने के लिए, नीट (यूजी) 2021 का प्रश्न पत्र अलग-अलग भाषाओं में आयोजित किया जाता है।

एनटीए द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पिछले दो वर्षों के दौरान एनआईआईटी उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में है। इसके अलावा, महाराष्ट्र में एनआईआईटी(यूजी) वर्ष 2022 और 2023 में क्रमशः कुल 1,38,555 और 1,54,614 महिला अभ्यर्थी शामिल हुईं।

अनुलग्नक

वर्ष 2022 और 2023 में नीट(यूजी) उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	2022	2023
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप	521	537
2.	आंध्र प्रदेश	40344	42836
3.	अरुणाचल प्रदेश	2027	2296
4.	असम	17027	19133
5.	बिहार	55709	64916
6.	चंडीगढ़	1905	2219
7.	छत्तीसगढ़	16299	19610
8.	दादरा एवं नगर हवेली	465	588
9.	दमन और दीव	195	257
10.	दिल्ली	35113	39764
11.	गोवा	1882	2204
12.	गुजरात	41901	49915
13.	हरियाणा	26666	29794
14.	हिमाचल प्रदेश	10129	10962
15.	जम्मू और कश्मीर	20005	20564
16.	झारखंड	15154	17894
17.	कर्नाटक	72262	75248
18.	केरल	59404	75362
19.	लद्दाख	367	422
20.	लक्षद्वीप	105	167
21.	मध्य प्रदेश	27134	49324
22.	महाराष्ट्र	79974	131008
23.	मणिपुर	3548	4556
24.	मेघालय	978	1603
25.	मिजोरम	587	913
26.	नगालैंड	731	1648
27.	ओडिशा	20654	28330
28.	पुदुचेरी	2362	3140
29.	पंजाब	8614	12043
30.	राजस्थान	65758	100314
31.	सिक्किम	317	632
32.	तमिलनाडु	57215	78693
33.	तेलंगाना	28093	42654
34.	त्रिपुरा	1738	2334
35.	उत्तर प्रदेश	88889	139961
36.	उत्तराखंड	7323	10843
37.	पश्चिम बंगाल	37301	59053

*स्रोत:- दिनांक 13 जून 2023 की एनटीए प्रेस विज्ञप्ति

******